पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 12
Number of Pages in Booklet : 12
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100
No. of Questions in Booklet : 100

**Paper Code : 02**

**Sub: HINDI**

**समय : 2.00 घण्टे**

**Time : 2.00 Hours**

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या / Question Paper Booklet No.

# ISP-12

1330052

## Paper - I

अधिकतम अंक : 200
Maximum Marks : 200

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Paper Booklet the candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same. If there is any difference, candidate must obtain another Question Paper Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**
2. **सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।**
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. **OMR** उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

1. व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य है :
   (1) सैनिकों को कई कष्ट सहने पड़ते हैं ।
   (2) प्रेम का मूल्य मापा नहीं जा सकता ।
   (3) विद्यालय बंद होने की संभावना है ।
   (4) चार आदमियों के बैठने की व्यवस्था करो ।

2. किस वाक्य में विराम चिह्नों का सही प्रयोग नहीं हुआ है ?
   (1) तुम समझते हो कि वह निरा बालक है, परंतु वह .......।
   (2) हे प्रभो ! मुझे शक्ति दो ।
   (3) वह घर आया या नहीं ?
   (4) राम-राम ! उसने यह क्या कर दिया ?

3. निम्नलिखित में किस विकल्प में अशुद्ध वाक्य है ?
   (1) शिवाजी ने शत्रु-सेना को नाकों चने चबवाये ।
   (2) सविता ने आज एक सोने का हार खरीदा ।
   (3) दादू वाणी की हस्तलिखित प्रति उपलब्ध है ।
   (4) यहाँ सभी प्रकार की दवाइयाँ मिलती हैं ।

4. निम्नलिखित में किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है ?
   (1) तुम तुम्हारा काम करो ।
   (2) यहाँ सभी वर्गों के लोग उपस्थित थे ।
   (3) सब लोग अपनी राय दें ।
   (4) हर एक ने टोपियाँ पहन रखी थीं ।

5. व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है :
   (1) अपने वचन पर दृढ़ रहो ।
   (2) लोग बड़ी मात्रा में जमा हो गए ।
   (3) पृथ्वी का रूप गोल है ।
   (4) हमें चरखा कातना चाहिए ।

6. निम्नलिखित में गलत कथन है :
   (1) यदि एक ही वाक्य में कई प्रश्नसूचक उपवाक्य हों तो पूरे वाक्य की समाप्ति पर ही प्रश्नसूचक चिह्न लगाया जाता है ।
   (2) सामान्य वाक्य के अंत में पूर्ण विराम का प्रयोग किया जाता है ।
   (3) मनोविकार सूचित करने में यदि प्रश्नवाचक शब्द आये तो वाक्य के अंत में प्रश्नसूचक चिह्न लगाया जाता है ।
   (4) किसी रचनाकार के उपनाम और रचना के साथ इकहरा अवतरण चिह्न लगाया जाता है ।

7. किस विकल्प में सभी 'स्त्रीलिंग' शब्द हैं ?
   (1) भेड़िया, टोली, बाघ
   (2) उल्लू, सभा, आँख
   (3) केंचुआ, फौज, प्रजा
   (4) चील, जोंक, कोयल

8. 'घर-घर मिट्टी के चूल्हे हैं', लोकोक्ति का भावार्थ है
   (1) हर आदमी के साथ कुछ न कुछ कमी, बुराई या कठिनाई लगी रहती है ।
   (2) मिट्टी के चूल्हे पर खाना अच्छा बनता है ।
   (3) हर घर में गैस के चूल्हे की सुविधा नहीं है ।
   (4) मिट्टी के चूल्हे से बहुत परेशानी या कठिनाई होती है ।

9. 'टका-सा जवाब देना' का भावार्थ है :
   (1) खरी-खरी सुनाना
   (2) स्पष्ट नकारात्मक उत्तर देना
   (3) स्पष्ट वक्ता होना
   (4) सबसे बेरुखी से बात करना

10. किस विकल्प में 'Plea' का समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द सही नहीं है ?

(1) दलील
(2) तर्क
(3) अभिवचन
(4) सुसंगत कथन

11. 'बीजारोपण करना' का भावार्थ है :

(1) पौधे लगाना
(2) खेत जोतना
(3) गमले आदि में बीज बोना
(4) आरंभ करना

12. किस विकल्प में 'Endorsement' का 'समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द' नहीं है ?

(1) मूल्यांकन
(2) बेचान
(3) समर्थन
(4) पृष्ठांकन

13. किस विकल्प में दिये गये अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द का समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द सही नहीं है ?

(1) Objective – वस्तुपरक
(2) Acceleration – त्वरण
(3) Access – आधिक्य
(4) Diversion – विषयांतर

14. किस विकल्प में उल्लिखित अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द का समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक सही है ?

(1) Discrepancy – भेदभाव
(2) Obscene – अश्लील
(3) Plaintiff – प्रतिवादी
(4) Deportation – माल ढुलाई

15. इनमें से किस विकल्प में अंग्रेजी शब्द का समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द सही नहीं है ?

(1) Injunction – कार्यादेश
(2) Acquit – दोषमुक्त करना
(3) Equitable – न्यायोचित
(4) Eviction – निष्कासन

16. किस विकल्प में अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द का समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द गलत है ?

(1) Demarcation – सीमांकन
(2) Aggregate – औसत
(3) Chargeable – प्रभार्य
(4) Delimitation – परिसीमन

17. किस विकल्प में अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द का समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द सही है ?

(1) Intimidation – अभित्रास
(2) Errata – अशुद्धि
(3) Preference – प्राथमिकता
(4) Questionable – प्रश्नांकित

18. इनमें से किस विकल्प में 'Exceptional' शब्द का समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द सही नहीं है ?

(1) विशिष्ट
(2) अपवादात्मक
(3) स्वीकारात्मक
(4) असाधारण

19. 'Promissory note' के लिए समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द होगा –

(1) वादापत्र
(2) शपथपत्र
(3) वचनपत्र
(4) प्रतिज्ञापत्र

20. इनमें से किस शब्द में 'इयल' प्रत्यय नहीं है ?
(1) सड़ियल
(2) नारियल
(3) अड़ियल
(4) मरियल

21. किस शब्द में 'आवट' प्रत्यय नहीं है ?
(1) सजावट
(2) मिलावट
(3) बनावट
(4) महावट

22. 'उच्छिष्ट' शब्द का संधि-विच्छेद है :
(1) उत + शिष्ट
(2) उद + शिष्ट
(3) उत् + शिष्ट
(4) उत: + इष्ट

23. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सही संधि-विच्छेद है ?
(1) अम्बूर्मि = अम्बु + ऊर्मि
(2) अन्वेषण = अनु + इषण
(3) अत्युत्तम = अति + उतम
(4) अन्वय = अनु + वय

24. इनमें कौन सा संधि-शब्द सही नहीं है ?
(1) कृष्ण + अयन = कृष्णायन
(2) वात + अयन = वातायन
(3) दक्षिण + अयन = दक्षिणायन
(4) उत्तर + अयन = उत्तरायन

25. इनमें कौन सा संधि-शब्द सही है ?
(1) प्रति + ईक्षा = प्रतिक्षा
(2) नदी + अर्पण = नद्यार्पण
(3) सत् + नारी = सन्नारी
(4) त्रि + अंबक = त्रयम्बक

26. इनमें से किस शब्द का सन्धि-विच्छेद सही नहीं है ?
(1) निरीक्षण = नि: + इक्षण
(2) वयोवृद्ध = वय: + वृद्ध
(3) अंततोगत्वा = अन्तत: + गत्वा
(4) पुनरुक्ति = पुन: + उक्ति

27. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द कर्मधारय समास के हैं ?
(1) निशाचर, हुक्मनामा
(2) पनभरा, छुटभैया
(3) शुभागमन, चरण-कमल
(4) गृहस्थ, देशभक्ति

28. किस शब्द में केवल एक उपसर्ग जुड़ा हुआ है ?
(1) अभिभावक
(2) सुप्रसिद्ध
(3) प्रतिनियुक्ति
(4) पर्यवेक्षक

29. निम्नलिखित में उपसर्ग रहित शब्द है :
(1) प्रत्येक
(2) परास्त
(3) अद्यतन
(4) व्याधि

30. इनमें से किस विकल्प में गलत संधि है ?
(1) पितृ + आदेश = पित्रादेश
(2) मधु + आलय = मध्वालय
(3) अति + ऊष्म = अत्यूष्म
(4) गुरु + औदार्य = गुर्वोदार्य

31. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्दों में एक से अधिक उपसर्गों का प्रयोग हुआ है ?

(1) प्रत्याघात, अप्रत्यक्ष
(2) असुरक्षित, अत्यंत
(3) अत्याचार, अध्यात्म
(4) निकृष्ट, अभ्यर्थी

32. किस वाक्य में 'संयुक्त क्रिया' का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) बादलों के कारण चाँद नहीं दिखाई दिया ।
(2) लुटेरों ने पूरे क्षेत्र को लूट लिया ।
(3) मैं नहाकर कार्यालय जाऊँगा ।
(4) वह सारा खाना खा गया ।

33. 'पुरुषवाचक सर्वनाम' से संबंधित वाक्य है

(1) वह आवश्यक कार्य से अजमेर गया है ।
(2) कल कोई आया था ।
(3) यह घर बहुत सुंदर है ।
(4) वे लोग कहाँ जा रहे थे ?

34. किस शब्द में 'ला' उपसर्ग नहीं है ?

(1) लापता
(2) लाचार
(3) लालसा
(4) लावारिस

35. किस विकल्प में 'ल' प्रत्यययुक्त शब्द है ?

(1) सरल
(2) कमल
(3) असल
(4) नवल

36. निम्नलिखित में विदेशी शब्द कौन सा है ?

(1) नकुल
(2) बहादुर
(3) सूत्र
(4) जूता

37. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्दों में उपसर्ग तथा प्रत्यय (दोनों) का प्रयोग हुआ है ?

(1) घुमक्कड़, मुस्कराहट
(2) अप्रत्याशित, करणीय
(3) परिपूर्णता, अधार्मिक
(4) अनुमानित, अत्याचार

38. किस वाक्य में 'निजवाचक सर्वनाम' का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) किसान अपने आप में मस्त रहता है ।
(2) वे अपने आप चले गए ।
(3) वह अपने आपको बहुत होशियार समझता है ।
(4) मैं आप लोगों का बहुत आभारी हूँ ।

39. 'विशेषण' शब्द से रहित वाक्य कौन सा है ?

(1) थोड़ा खाओ, खूब चबाओ ।
(2) मैं पिछले वर्ष गाँव गया था ।
(3) सभा में कम लोग आए थे ।
(4) दुकान से कुछ फल खरीद लाओ ।

40. निम्नलिखित में तत्सम शब्द कौन सा है ?

(1) चिड़िया
(2) अनमोल
(3) अमरूद
(4) कवि

41. इनमें क्रिया-विशेषण से बनी भाववाचक संज्ञा है
(1) विशालता
(2) क्षमता
(3) ममता
(4) शीघ्रता

42. इनमें सर्वनाम से बनी भाववाचक संज्ञा है
(1) लिखावट
(2) अपनापन
(3) छुटपन
(4) लड़कपन

43. संज्ञा से निर्मित विशेषण है
(1) अगला
(2) दैनिक
(3) आपसी
(4) टिकाऊ

44. किस विकल्प में सभी शब्द 'पृथ्वी' के पर्यायवाची हैं ?
(1) क्षिति, वसुधा, मौलि
(2) धरती, अवनि, ऋक्ष
(3) मही, विश्वंभरा, धरणी
(4) अचला, धरा, याज्ञसेनी

45. कौन सा शब्द तद्भव नहीं है ?
(1) शक्कर
(2) अनशन
(3) लालच
(4) मुखिया

46. किस विकल्प में सभी शब्द तद्भव हैं ?
(1) साथी, अंगुली
(2) कान, मुख
(3) नया, दूध
(4) आज, दिवस

47. 'अपने कुल का श्रेष्ठ या प्रतिष्ठित व्यक्ति' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है
(1) कुलीन
(2) कुलांगार
(3) कुलकंटक
(4) कुलकेतु

48. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द तद्भव हैं ?
(1) पुष्प, भक्त
(2) धैर्य, गोबर
(3) जेठ, पाषाण
(4) कोख, पत्थर

49. किस शब्द में अधिकरण तत्पुरुष समास नहीं है ?
(1) सेनानायक
(2) घुड़सवार
(3) जलमग्न
(4) लोकप्रिय

50. किस वाक्य में 'संबंधसूचक' अव्यय का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) अजमेर के निकट पुष्कर तीर्थ है ।
(2) मुझसे पहले वे चले गए ।
(3) हथियारों सहित आतंकवादी पकड़े गए ।
(4) बच्चे उस ओर गए हैं ।

51. 'रीतिवाचक क्रिया-विशेषण' से संबंधित वाक्य कौन सा है ?
(1) सभी बच्चे बाहर खेल रहे हैं ।
(2) यह पत्रिका प्रतिमाह छपती है ।
(3) वह अचानक चला गया ।
(4) तुम्हारी पुस्तकें यहाँ रखी हुई हैं ।

52. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही है ?
(1) अजर-अजिर = जो बूढ़ा न हो-आँगन
(2) मेघ-मेध = बादल-अज्ञ
(3) रुख-रूख = पेड़-तरफ
(4) रेचक-रोचक = स्थावर-दिलचस्प

53. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है ?
(1) जिसने अनेक विद्वानों से विभिन्न शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त किया हो – बहुश्रुत
(2) पराया दोष ढूँढ़ने वाला – तथ्यान्वेषी
(3) जो अधर्म करने से डरे – धर्मभीरु
(4) आश्रयदाता को प्रसन्न करने के लिए कही जाने वाली झूठी-सच्ची बात – ठकुरसुहाती

54. निम्नलिखित में तत्सम शब्द कौन सा है ?
(1) रोटी
(2) शतरंज
(3) पक्षी
(4) बहू

55. निम्नलिखित में 'देशज' शब्द कौन सा है ?
(1) बकरा
(2) गोदाम
(3) तेंदुआ
(4) यमुना

56. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है ?
(1) कपिश-कपीश = मटमैला-हनुमान
(2) अभय-उभय = निर्भीक-दोनों
(3) इतर-इत्र = अन्य-सुगंधित द्रव
(4) कांति-क्लांति = थकावट-चमक

57. निम्नलिखित में विलोम युग्म कौन सा है ?
(1) विरोध – अवरोध
(2) शेष – अवशेष
(3) अनुदान – अवदान
(4) उन्नति – अवनति

58. किस विकल्प में क्रिया 'द्विकर्मक' रूप में प्रयुक्त हुई है ?
(1) मदारी के करतब देखकर दर्शक खूब हँसे ।
(2) अध्यापक ने विद्यार्थियों को पाठ पढ़ाया ।
(3) वह सुबह पढ़ाई करता है और शाम को खेलता है ।
(4) मैं बाजार से सब्जी और फल खरीद लाया ।

59. किस विकल्प में सभी शब्द 'संप्रदान तत्पुरुष' समास के उदाहरण हैं ?
(1) मुँहबोला, रसोईघर
(2) पूजाघर, यशप्राप्त
(3) घोड़ागाड़ी, दानपेटी
(4) सत्याग्रह, राहखर्च

60. किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं ?
(1) अरविंद, पुंडरीक
(2) आत्मजा, दुहिता
(3) चक्षु, मयंक
(4) उपल, प्रस्तर

61. निम्नलिखित में 'बादल' का पर्यायवाची नहीं है:
(1) जीमूत
(2) अभ्र
(3) बलाहक
(4) कादंबरी

62. 'आप उधर बैठिए' – वाक्य में वृत्ति है :
(1) संभावनार्थ वृत्ति
(2) निश्चयार्थ वृत्ति
(3) आज्ञार्थ वृत्ति
(4) संकेतार्थ वृत्ति

63. किस विकल्प में समश्रुत भिन्नार्थक शब्द युग्म का अर्थ भेद सुमेलित नहीं है ?
(1) निर्झर-निर्जर = देवता-झरना
(2) दशन-दर्शन = दाँत-अवलोकन
(3) प्रणय-परिणय = प्रेम-विवाह
(4) सूति-सूती = प्रसव-सूत का बना हुआ

64. किस विकल्प में विलोम युग्म नहीं है ?
(1) गृहीत – अनुगृहीत
(2) संलिप्त – निर्लिप्त
(3) सुबोध – दुर्बोध
(4) आसक्त – अनासक्त

65. कौन सा शब्द बहुवचन में प्रयुक्त नहीं होता है ?
(1) तेवर
(2) दुनिया
(3) अनेक
(4) आप

66. 'प्रवृत्ति' शब्द का विलोम है
(1) संवृत्ति
(2) आवृत्ति
(3) निवृत्ति
(4) सुवृत्ति

67. निम्नलिखित में किस विकल्प में आवृत्तिमूलक पक्ष है ?
(1) उसने गीत सुना दिया ।
(2) अध्यापक पढ़ा रहे हैं ।
(3) किताब अलमारी में है ।
(4) माँ खाना बनाती है ।

68. किस विकल्प में सभी अशुद्ध शब्द हैं ?
(1) कशमकश, काबिलीयत
(2) सूजबूझ, अंधाधुंद
(3) साठगाँठ, आपाधापी
(4) ऐहसानमंद, खरीदार

69. 'वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द' की दृष्टि से कौन सा विकल्प असंगत है ?
(1) जो कम बोलता है – मिष्टभाषी
(2) जिसका काम सिद्ध हो चुका हो – कृतार्थ
(3) किए हुए उपकार को न मानने वाला – कृतघ्न
(4) जो इस लोक से अलग हो – अलौकिक

70. किस वाक्य में 'को' परसर्ग (विभक्ति चिह्न) कर्म कारक के लिए प्रयुक्त नहीं हुआ है ?
(1) पुलिस ने अपराधी को पकड़ लिया ।
(2) मोहन ने सोहन को उसकी पुस्तक लौटा दी ।
(3) सरकार ने किसानों को अनुदान दिया ।
(4) गुरुजी ने बालक को पाठ पढ़ाया ।

71. 'उसने पेचकस के द्वारा ढक्कन खोला ।'
उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'के द्वारा' किस कारक का परसर्ग (विभक्ति चिह्न) है ?
(1) अपादान
(2) कर्ता
(3) कर्म
(4) करण

72. किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?
(1) चरमोत्कर्ष, हतोत्साह
(2) पुरुस्कार, बहूद्देश्यीय
(3) अतिश्योक्ति, मंत्रिमंडल
(4) विरहणी, सुवासिनी

73. निम्नलिखित शब्दों पर विचार कीजिए :

अ. आयुद्ध

ब. अंतर्धान

स. वाहिनी

द. उलंघन

किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(1) अ, द

(2) अ, ब

(3) ब, स

(4) स, द

74. किस शब्द में 'अक' प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) निंदक

(2) बालक

(3) शिक्षक

(4) पाठक

75. निम्नलिखित में 'संज्ञा उपवाक्य' है ?

(1) जितना पानी जमा था, उतना बह गया ।

(2) जिसे आप ढूँढ़ रहे हैं, वह आया ही नहीं ।

(3) कर्मचारियों की माँग है कि उन्हें पूरा वेतन दिया जाए ।

(4) यह वही आदमी है, जो कल आया था ।

76. किस वाक्य में 'कर्मवाच्य' का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) विद्यार्थियों द्वारा श्रमदान किया गया ।

(2) चोर पकड़ा गया ।

(3) वह बहुत देर से पढ़ रहा है ।

(4) खेतों की जुताई की जा चुकी है ।

77. इनमें से किस वाक्य में निपात का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) मैं तो इस बारे में कुछ नहीं जानता ।

(2) लक्ष्मण भी राम के साथ वन में गए ।

(3) कमला दिसम्बर में घूमने जाएगी ।

(4) तुम कब तक आओगे ?

78. इनमें से 'कर्मवाच्य' किस वाक्य में है ?

(1) 'रामायण' सीरियल का निर्माण रामानन्द सागर द्वारा किया गया था ।

(2) राम बचपन में नानी से कहानियाँ सुनता था ।

(3) गर्मियों में लोग नदी किनारे नहाने जाते हैं ।

(4) पहले लोग सिनेमा हॉल में फिल्में देखने जाते थे ।

79. निम्नलिखित में 'संकेतार्थ वृत्ति' का उदाहरण है :

(1) क्या तुम मेरा काम कर दोगे ?

(2) उसने अपना कार्य कर लिया है ।

(3) ईश्वर सबका भला करे ।

(4) यदि तुम पढ़ाई करते तो उत्तीर्ण हो जाते ।

80. किस विकल्प में मनोविकार और उसे व्यंजित करने वाला विस्मयादिबोधक शब्द असंगत है ?

(1) आश्चर्य – क्या !

(2) हर्ष – वाह वा !

(3) शोक – हाय !

(4) तिरस्कार – ओहो !

81. किस विकल्प में भाववाच्य है ?

(1) अशोक ने खाना खाया ।

(2) यह पुस्तक पढ़ी गई थी ।

(3) मोहन से बैठा नहीं गया ।

(4) तीन लुटेरे पकड़े गए ।

82. 'बहता पानी, रमता जोगी' लोकोक्ति का भावार्थ है
(1) बहता हुआ पानी और निरंतर विचरण करता हुआ योगी समाज को गतिशील रहने का संदेश देते हैं ।
(2) बहते पानी की तरह जोगी की भी निरंतर गतिशीलता बनी रहती है ।
(3) घुमक्कड़ व्यक्ति कभी एक जगह नहीं रुकता ।
(4) ठहरा हुआ पानी और एक स्थान पर रुका हुआ योगी अपनी सार्थकता खो देते हैं ।

83. किस विकल्प में पुंलिंग-स्त्रीलिंग युग्म गलत है ?
(1) मेंढक - मेढ़ा
(2) कवि - कवयित्री
(3) बाघ - बाघिन
(4) नेता - नेत्री

84. किस विकल्प के सभी शब्द पुंलिंग हैं ?
(1) हार, पायल, पुखराज
(2) कौआ, खरगोश, मंडल
(3) हीरा, मोती, मणि
(4) नथ, मूँगा, पन्ना

85. वर्तनी की दृष्टि से किस विकल्प के सभी शब्द अशुद्ध हैं ?
(1) ब्राम्हण, आशीर्वाद
(2) बाहुल्यता, इकट्ठा
(3) धोका, धंधा
(4) भूक, झूट

86. किस विकल्प में वर्तनी की दृष्टि से सभी शब्द शुद्ध हैं ?
(1) सतत्, सरोजनी
(2) प्रतिद्वन्द्वी, महती
(3) रचइता, एक्य
(4) धुरंदर, बजार

87. 'पानी में आग लगाना' मुहावरे का भावार्थ है
(1) लीक से हटकर कोई काम करना
(2) असंभव कार्य करने का प्रयास करना
(3) पागलपन के काम करना
(4) जहाँ झगड़ा होना असंभव हो, वहाँ झगड़ा करवा देना

88. किस विकल्प में सभी शब्द 'पुंलिंग' हैं ?
(1) पक्षी, चीता, पानी
(2) मछली, दौड़, मार्ग
(3) गिलहरी, समूह, कुटुंब
(4) तितली, झुंड, समूह

89. 'ढाक के वही तीन पात' लोकोक्ति का भावार्थ है
(1) ढाक के उपयोगी पत्तों से सुन्दर दोने बनते हैं ।
(2) परिणाम कुछ नहीं, बात वहीं की वहीं ।
(3) ढाक के पत्ते तीन-तीन के समूह में होते हैं ।
(4) पतझड़ में भी ढाक के कुछ पत्ते बचे रहते हैं ।

90. 'मुद्दई सुस्त गवाह चुस्त' लोकोक्ति का भावार्थ है :
(1) जिसका काम हो उसकी अपेक्षा दूसरों का अधिक चिंतित होना ।
(2) सुस्त व्यक्ति का काम चुस्त-दुरुस्त व्यक्ति से ही चलता है ।
(3) सुस्त व्यक्ति को चुस्त व्यक्ति से सचेत रहना चाहिए ।
(4) सुस्त और चुस्त व्यक्ति का बेमेल संयोग होना ।

91. 'मुझे ये पुस्तकें मित्रों को देनी हैं।'
उक्त वाक्य में 'उद्देश्य' है –
(1) देनी हैं
(2) मुझे
(3) ये पुस्तकें
(4) मित्रों को

92. इनमें से किस विकल्प में मिश्र वाक्य नहीं है ?
(1) जिस शहर में वह गया था, वहाँ 'कोरोना' का कोई मरीज़ नहीं था ।
(2) सामने वाले विशाल भवन के एक कक्ष में तीन छात्र व्याकरण की एक पुस्तक पढ़ रहे हैं ।
(3) जब बरसात रुकी, तब हम लोग घर गये ।
(4) सब चाहते हैं कि लोग स्वस्थ रहें ।

93. किस विकल्प में संयुक्त वाक्य नहीं है ?
(1) जहाँ अभी समुद्र है, वहाँ किसी समय जंगल था ।
(2) मैं घर पहुँचा और नौकर बाजार गया ।
(3) मैं जयपुर जाऊँगा अथवा मोहन मुझसे मिलने यहीं आ जायेगा ।
(4) मेरा भाई बीमार है, अत: मैं उससे मिलने जाऊँगा ।

94. 'वह अपने मित्र के लिए पत्र लिखता होगा ।'
उक्त वाक्य किस काल से संबंधित है ?
(1) संभाव्य भविष्यत्
(2) संदिग्ध भूत
(3) संदिग्ध वर्तमान
(4) सामान्य भविष्यत्

95. निम्नलिखित में पूर्णभूतकाल से संबंधित वाक्य है :
(1) मैं आवश्यक कार्य से जयपुर गया था ।
(2) वह अपने दोस्तों के साथ खेलने गया ।
(3) वह घर जा रहा था ।
(4) सावधानी से चलते तो दुर्घटना नहीं होती ।

96. सही विराम चिह्न युक्त वाक्य कौन सा है ?
(1) वह ऐसा क्यों कहता है कि हम वहाँ नहीं जाएँगे ?
(2) गुरुवार 20 मार्च, से परीक्षाएँ प्रारंभ होंगी ।
(3) वह नहीं जानता कि मैं क्या चाहता हूँ ?
(4) सूर्यास्त हुआ, आकाश लाल हुआ, पक्षी घोंसलों में लौट आए, और धीरे-धीरे अँधेरा फैलने लगा ।

97. निम्नलिखित में क्रिया-विशेषण उपवाक्य है :
(1) वह पुस्तक कहाँ है जो मैं लाया था ।
(2) गुरुजी ने कहा कि कल अवकाश रहेगा ।
(3) जैसी तलाश थी वैसी नौकरी मिल गई ।
(4) मैं जानता हूँ कि वह कल नहीं आएगा ।

98. किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है ?
(1) थोड़ी देर बाद वे वापस लौट आये ।
(2) मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता ।
(3) शब्द केवल संकेतमात्र है ।
(4) चाहे जैसे हो, तुम वहाँ जाओ ।

99. किस विकल्प में अशुद्ध वाक्य है ?
(1) प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है कि देश की एकता बनाए रखने में सहयोग करे ।
(2) उसने मुझे नाश्ता खिलाया ।
(3) अब घर में मेरा जी नहीं लगता ।
(4) मुझसे अनजाने में दूध गिर गया ।

100. इनमें से शुद्ध वाक्य कौन सा है ?
(1) जंगल से एक भेड़िया गाँव में आ गया ।
(2) टिड्डियों की मंडली सारी फसल नष्ट कर गई ।
(3) मैं आपके सुखी जीवन की अपेक्षा करता हूँ ।
(4) वह पेट के लिए नाक घिसता फिरता है ।